Session 2022-23

Date: 11-11-2022

Event: मौलिक अधिकार तथा कर्तव्य पे वेबिनार करवाया गया। मुख्य वक्ता श्री रणदीप राणा जी।

Date: 26-11-2022

Event: संविधान दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी तथा भाषण प्रतियोगिता करवाई गई।

Date: 30-11-2022

Event: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में "सोशल मिडिया ड्राइव" अभियान चलाया गया।

Date: 7-12-2022

Event: साइबर अपराध पे एक्सटेंशन लेक्चर करवाया गया जिसके मुख्य वक्ता श्री कुलदीप सिंह जी।

Date 01-02-2023

Event: साइबर अपराध जागरूकता पर एक्सटेंशन लेक्चर करवाया गया जिसके मुख्य वक्ता श्री सुधांशु जी।

Date 01-02-2023

Event: कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की महाविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताएं करवाई गई।

Date 06-02-2023

Event: कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के तत्वाधान में स्तरीय प्रतियोगिताएं करवाई गई।

Date 13-3-2023

Event: कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक्सटेंशन लेक्चर करवाया गया। मुख्य वक्ता एडवोकेट निशा गुप्ता ने कार्यस्थल में महिलाओं का यौन उत्पीड़न एक्ट 2013 पर अपने विचार रखे।


NATIONAL SERVICE SCHEME
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
कैथल
द्वारा आयोजित
हैल्पलाईन नं0- 01746-2
DR. B. R. AMBEDKAR GOVT. (P.G.)
COLLEGE, JAGDISHPURA, KAITHAL
Legal Literacy Cell
SPEAKER ADV. NISHA GUPTA.DLSA. KTL



NATIONAL SERVICE SCHEME
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल
DR. B. R. AMBEDKAR GOVT. (P.G.) COLLEGE, JAGDISHPURA, KAITHAL
Legal Literacy Cell
SPEAKER ADV. NISHA GUPTA DLSA KTL


NATIONAL SERVICE SCHEME
Legal Literacy Cell

कैथल सवेरा

## राजकीय महाविद्यालय ने जीती ओवर ऑल ट्राफी

# जिला विधिक साक्षरता के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित

**सवेरा न्यूज/ प्रदीप हरित**

कैथल, 6 फरवरी : राजकीय महाविद्यालय में जिला विधिक साक्षरता के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें जिले भर से विभिन्न कालेजों ने भाग लिया। कार्यक्र म में मुख्यअतिथि के तौर पर जिला उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. राजेश सैनी ने शिरकत की।



ओवर ऑल ट्राफी जीतने वाली टीम मुख्य अतिथि के साथ।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान करते हैं ताकि वे मंच के माध्यम से अपनी बात समाज के सामने रख सकें। उच्चत्तर शिक्षा विभाग इस प्रकार के शिक्षात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। कॉलेज की प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने मुख्यअतिथि का स्वागत किया। डा. रोजी गुप्ता ने कहा कि आज के समय में समाज में कानूनी अधिकारों व कानूनी शिक्षा के प्रति जागरूकता होना जरूरी है। इस प्रकार के कार्यक्र म समाज में कानूनी जानकारी को बढ़ावा देते हैं। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. नीलम ने बताया कि आज की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी मंडल स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इन प्रतियोगिताओं में राजकीय महाविद्यालय कैथल, आई जी कॉलेज कैथल, राजकीय कॉलेज चक्कू लदाना, आरकेएसडी कॉलेज कैथल, चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड, राजकीय महाविद्यालय राजौंद, डीएवी कॉलेज चीका व राजकीय कन्या महाविद्यालय कलायत की टीमों ने भाग लिया। जनसंचार विभाग के प्राध्यापक डा. अभिषेक गोयल व प्रो. विरेन्द्र खटकड़ ने कहा कि फिल्में समाज का आईना होती है समाज में घिटत होने वाली घटनाएं फिल्मों का विषय बनती है। कार्यक्र म में मंच संचालन डा. मोनिका जाखड़, डा. अमति पाहवा व डा. इंदु गाबा ने निभाई, प्रश्नोत्तारी प्रतियोगिता के क्विज मास्टर की भूमिका में प्रो. हिमांशु तनेजा, प्रो. रूपाली व डा. मीना रहे। ओवर ऑल ट्रॉफी में राजकीय महाविद्यालय कैथल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

---

मंगलवार TUESDAY 7 फरवरी 2023 कैथल केसरी

# राजकीय महाविद्यालय ने जीती कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं की ओवरऑल ट्रॉफी

### डाक्युमैंट्री में राजकीय महाविद्यालय की टीम ने जिले में प्राप्त किया प्रथम स्थान

कैथल, 6 फरवरी (मित्तल) : डा. बी.आर. अम्बेदकर राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कालेज में जिला विधिक साक्षरता के अंतर्गत प्रतिवर्ष इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

इस बार इन प्रतियोगिताओं को राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें जिले भर से विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने अलग-अलग विधाओं में अपनी प्रतिभा को मंच पर प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रो. राजेश सैनी ने शिरकत की और प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान करते है, ताकि वे मंच के माध्यम से अपनी बात समाज के सामने रख सकें।

उच्चत्तर शिक्षा विभाग इस प्रकार के शिक्षात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। कॉलेज की प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने मुख्यातिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। डा. रोजी गुप्ता ने कहा कि आज के समय में समाज में कानूनी अधिकारों व कानूनी शिक्षा के प्रति जागरूकता होना जरूरी है।



*प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एक प्रतिभागी को सम्मानित करते मुख्यातिथि व कालेज की प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता।* (रमेश)

इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में कानूनी जानकारी को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व उच्चत्तर शिक्षा विभाग के आभारी हैं, जो इस प्रकार के कार्यक्रम समाज व युवाओं के लिए समय-समय पर करते है।

कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. नीलम ने बताया कि आज की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने व्यंग्यात्मक शैली में नशा मुक्ति, बेरोजगारी, मानव अधिकार, सूचना का अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, शिक्षा का अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बाल विवाह, मौलिक कर्तव्य, यौन उत्पीड़न, रैगिंग व स्वच्छता आदि विषयों पर कटाक्ष करते हुए अपनी प्रस्तुति दी।

इन प्रतियोगिताओं में राजकीय महाविद्यालय कैथल, आई.जी. कॉलेज कैथल, राजकीय कॉलेज चक्कू लदाना, आर.के.एस.डी. कॉलेज कैथल, चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड, राजकीय महाविद्यालय राजौंद, डी.ए.वी. कॉलेज चीका व राजकीय कन्या महाविद्यालय कलायत की टीमों ने भाग लिया।

जनसंचार विभाग के प्राध्यापक डा. अभिषेक गोयल व प्रो. विरेंद्र खटकड़ ने कहा कि फिल्में समाज का आइना होती हैं।

समाज में घटित होने वाली घटनाएं फिल्मों का विषय बनती हैं। फिल्में समाज को दशा और दिशा प्रदान करती हैं। इनके माध्यम से समाज में जागरूकता को बढ़ावा मिलता है। गैर व्यवसायीक फिल्मों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के आयोजन अपनी महत्ती भूमिका निभाते हैं।

कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के सदस्यों डा. मोनिका जाखड़, प्रो. इंदूपाल, प्रो. रूपाली, प्रो. नवीन, प्रो. अमित पाहवा, इंदू राविश, सरिता, अनुराधा व अन्नु के साथ-साथ महाविद्यालय के अन्य स्टाफसदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

कार्यक्रम में मंच संचालन डा. मोनिका जाखड़, डा. अमित पाहवा व डा. इंदू गाबा ने किया। प्रश्नोत्तारी प्रतियोगिता के क्विज मास्टर की भूमिका में प्रो. हिमांशु तनेजा, प्रो. रूपाली व डा. मीना शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

राजकीय कालेज में आयोजित प्रतियोगिताओं में ऑवरऑल ट्रॉफी राजकीय महाविद्यालय कैथल ने प्राप्त की। डाक्युमैंट्री प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय कैथल की रितिका व ज्योति की टीम प्रथम स्थान पर रही, दूसरे स्थान पर आर.के.एस.डी. कॉलेज की कोमल व ज्योति की टीम रही।

कैथल सवेरा

## राजकीय महाविद्यालय ने जीती ओवर ऑल ट्राफी

# जिला विधिक साक्षरता के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित

*सवेरा न्यूज/ प्रदीप हरित*

कैथल, 6 फरवरी : राजकीय महाविद्यालय में जिला विधिक साक्षरता के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें जिले भर से विभिन्न कालेजों ने भाग लिया। कार्यक्र म में मुख्यअतिथि के तौर पर जिला उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. राजेश सैनी ने शिरकत की।



ओवर ऑल ट्राफी जीतने वाली टीम मुख्य अतिथि के साथ।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान करते हैं ताकि वे मंच के माध्यम से अपनी बात समाज के सामने रख सकें। उच्चत्तर शिक्षा विभाग इस प्रकार के शिक्षात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। कॉलेज की प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने मुख्यअतिथि का स्वागत किया। डा. रोजी गुप्ता ने कहा कि आज के समय में समाज में कानूनी अधिकारों व कानूनी शिक्षा के प्रति जागरूकता होना जरूरी है। इस प्रकार के कार्यक्र म समाज में कानूनी जानकारी को बढ़ावा देते हैं। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. नीलम ने बताया कि आज की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी मंडल स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इन प्रतियोगिताओं में राजकीय महाविद्यालय कैथल, आई जी कॉलेज कैथल, राजकीय कॉलेज चक्कू लदाना, आरकेएसडी कॉलेज कैथल, चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड, राजकीय महाविद्यालय राजौंद, डीएवी कॉलेज चीका व राजकीय कन्या महाविद्यालय कलायत की टीमों ने भाग लिया। जनसंचार विभाग के प्राध्यापक डा. अभिषेक गोयल व प्रो. विरेन्द्र खटकड़ ने कहा कि फिल्में समाज का आईना होती है समाज में घिटत होने वाली घटनाएं फिल्मों का विषय बनती है। कार्यक्र म में मंच संचालन डा. मोनिका जाखड़, डा. अमति पाहवा व डा. इंदू गाबा ने निभाई, प्रश्नोत्तारी प्रतियोगिता के क्विज मास्टर की भूमिका में प्रो. हिमांशु तनेजा, प्रो. रूपाली व डा. मीना रहे। ओवर ऑल ट्रॉफी में राजकीय महाविद्यालय कैथल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

---

मंगलवार TUESDAY 7 फरवरी 2023 कैथल केसरी

# राजकीय महाविद्यालय ने जीती कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं की ओवरऑल ट्रॉफी

**क्यूमेंट्री में राजकीय महाविद्यालय की टीम ने जिले में प्राप्त किया प्रथम स्थान**

कैथल, 6 फरवरी (मित्तल) : डा. बी.आर. अम्बेदकर राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कालेज में जिला विधिक साक्षरता के अंतर्गत प्रतिवर्ष इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

इस बार इन प्रतियोगिताओं को



*प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर[illegible] को सम्मानित करते मुख्यातिथि व कालेज की प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता।* (रमेश)

की प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने मुख्यातिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। डा. रोजी गुप्ता ने कहा कि आज के समय में समाज में कानूनी अधिकारों व कानूनी शिक्षा के प्रति

[illegible] नागरिकों के अधिकार, शिक्षा का अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बाल विवाह, मौलिक कर्तव्य, यौन उत्पीड़न, रैगिंग व स्वच्छता आदि विषयों पर कटाक्ष करते हुए अपनी

हैं। इनके माध्यम से समाज में जागरूकता को बढ़ावा मिलता है। गैर व्यवसायीक फिल्मों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के आयोजन अपनी महत्ती भूमिका निभाते हैं।

कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के सदस्यों डा. मोनिका जाखड़, प्रो. इंदूपाल, प्रो. रूपाली, प्रो. नवीन, प्रो. अमित पाहवा, इंदू राविश, सरिता, अनुराधा व अंशु के साथ-साथ महाविद्यालय के अन्य स्टाफसदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

करनाल | रविवार • 05.02.2023

अमर उजाला 04

युवा • महिला • संस्कृति • समाज

# डॉक्यूमेंट्री निर्माण में जनसंचार के विद्यार्थियों ने पाया प्रथम स्थान

## राजकीय महाविद्यालय में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी



प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते सदस्य। संवाद

कैथल। राजकीय महाविद्यालय में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इनमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने अलग-अलग विधाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डॉक्यूमेंट्री निर्माण में जनसंचार के विद्यार्थी अव्वल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. रोजी गुप्ता ने किया। प्राचार्या ने कहा कि आज के समय में युवाओं को अपने कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी होनी जरूरी है। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. नीलम ने बताया कि प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अब 6 फरवरी को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय कैथल में होगी। इसमें जिले भर से विभिन्न शिक्षण संस्थान के विद्यार्थी हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति, बेरोजगारी, मानव अधिकार, सूचना का अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, शिक्षा का अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बाल विवाह, मौलिक कर्तव्य, यौन उत्पीड़न, रैगिंग व स्वच्छता आदि विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी। डाक्यूमेंट्री के निर्देशक डॉ. अभिषेक गोयल व प्रो. वीरेंद्र खटकड़ ने कहा कि वृत्तचित्र सामाजिक जागरूकता में अहम योगदान निभाता है। अपने दमदार दृश्यों और संवादों की सहायता से युवाओं को झकझोर सकता है और उन्हें आंदोलित कर सकता है। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के सदस्यों डॉ. मोनिका जाखड़, प्रो. इंदुपाल, प्रो. रूपाली, प्रो. नवीन, प्रो. अमित पाहवा, इन्दु रावित्र, सरिता, अनुराधा व अन्नु के साथ साथ महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### प्रतियोगिताओं के परिणाम

- डाक्यूमेंट्री में जनसंचार की छात्रा रितिका और ज्योति की टीम प्रथम स्थान पर रही।
- **निबंध लेखन**: साहिल प्रथम, दिया द्वितीय, माफी तृतीय
- **स्लोगन लेखन**: आजाद प्रथम, दिनेश द्वितीय और संजीवनी तृतीय
- **स्पॉट पेंटिंग**: आयन प्रथम, नेहा द्वितीय व ज्योति तृतीय
- **भाषण प्रतियोगिता**: आंचल प्रथम, ईशान द्वितीय और प्रदीप कुमारी तृतीय
- **कविता पाठ**: आदित प्रथम, अंजू द्वितीय, माफी तृतीय
- **हास्य नाटिका** में आदित की टीम प्रथम स्थान पर रही।
- **वाद विवाद प्रतियोगिता**: इशात प्रथम और स्वाति की टीम प्रथम, आंचल और अजय कुमार की टीम द्वितीय
- **पावर प्वॉइंट प्रस्तुतिकरण**: ज्योति अरोड़ा और संजीवनी की टीम प्रथम, अनु और अंगद की टीम द्वितीय
- **प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता** में अजय, अंकित और इशात की टीम प्रथम स्थान पर रही।

दैनिक भास्कर
कैथल भास्कर 07-02-2023



**कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताएं • राजकीय कॉलेज की टीम ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी, विजेता प्रतिभागी मंडल स्तर पर लेंगे हिस्सा**

# नाटिका में विद्यार्थियों ने दिखाई विदेश जाने वालों की पीड़ा, पुश्तैनी जमीन बेचकर बूढ़े माता-पिता व देश छोड़ने को विवश हो रहे युवा

भास्कर न्यूज़ | कैथल

राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला विधिक साक्षरता के अंतर्गत प्रतिवर्ष इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस बार इन प्रतियोगिताओं को राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में कराया जा रहा है। जिसमें जिलेभर से विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्यातिथि के तौर पर जिला उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. राजेश सैनी ने प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रोजी गुप्ता ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। डॉ. रोजी गुप्ता ने कहा कि आज के समय में समाज में कानूनी अधिकारों व कानूनी शिक्षा के प्रति जागरूकता होना जरूरी है। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. नीलम ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी मंडल स्तर पर प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों ने व्यंग्यात्मक शैली में नशा मुक्ति, बेरोजगारी, मानव अधिकार, सूचना का अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, शिक्षा का अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा आदि विषयों पर कटाक्ष करते हुए अपनी प्रस्तुति दी।

कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं में हास्य-व्यंग्य नाटिकाओं में सामाजिक बुराईयों पर कटाक्ष करते हुए बेरोजगारी, गरीबी, विदेश जाने की होड़ व पारिवारिक पीडा को दर्शाया गया। किस प्रकार से पिता अपनी पुश्तैनी जमीन भेज कर अपने बुढ़ापे के सहारे को देश त्यागने के लिए विवश है। सरकारों पर युवाओं के शोषण की कहानी को दर्शाया गया। प्रतियोगिताओं में राजकीय महाविद्यालय कैथल, राजकीय कॉलेज चक्कू लदाना, आरकेएसडी कॉलेज कैथल, चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड, राजकीय महाविद्यालय राजौंद, डीएवी कॉलेज चीका व राजकीय कन्या महाविद्यालय कलायत की टीमों ने हिस्सा लिया। जनसंचार विभाग के प्राध्यापक डॉ. अभिषेक गोयल व प्रो. विरेंद्र खटकड़ ने कहा कि फिल्में समाज का आईना होती हैं। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के सदस्यों डॉ. मोनिका जाखड़, प्रो. इंदूपाल, प्रो. रूपाली, प्रो. नवीन, प्रो. अमित पाहवा, इंदू राविश, सरिता, अनुराधा व अन्नु के साथ साथ महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. मोनिका जाखड़, डॉ. अमित पाहवा व डॉ. इंदू गाबा ने निभाई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के क्विज मास्टर की भूमिका में प्रो. हिमांशु तनेजा, प्रो. रूपाली व डॉ. मीना रहें।



**कैथल** | धूम्रपान के नुकसान पर पोस्टर बनाता विद्यार्थी।

## ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम...

ओवरऑल ट्रॉफी में राजकीय महाविद्यालय कैथल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डाक्यूमैंट्री में राजकीय महाविद्यालय कैथल की रितिका व ज्योति टीम प्रथम स्थान पर रही, दूसरे स्थान पर आरकेएसडी कॉलेज की कोमल व ज्योति की टीम रही। निबंध लेखन में प्रथम स्थान पर राजकीय महाविद्यालय की दिया, द्वितिय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय का साहिल और तृतीय स्थान पर आईजी कॉलेज सचलिनप्रीत कौर रही। स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान पर आईजी कॉलेज की कोमल, द्वितीय स्थान पर ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड की अंजली दहिया और तृतीय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथल का अजाद रहा। स्पॉट पेंटिंग में प्रथम स्थान पर आईजी कॉलेज की रविना, द्वितिय स्थान पर ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड और तृतीय स्थान पर आईजी कॉलेज कैथल की प्रिया रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत की मुकेश, द्वितीय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथल की आंचल और तृतीय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय राजौंद की राखी रही। कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आरकेएसडी कॉलेज की कोमल, द्वितीय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथल का आदित शर्मा और तृतीय स्थान पर आरकेएसडी कॉलेज की सीमा रही। हास्य नाटिका में प्रथम स्थान पर आरकेएसडी कॉलेज की टीम और दूसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथल की टीम रही। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आरकेएसडी कॉलेज की पूजा व वैशाली की टीम, द्वितीय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथल की आंचल व अजय कुमार की टीम रही

# डाक्यूमेंट्री में राजकीय महाविद्यालय कैथल प्रथम

## कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं की ओवरआल ट्राफी राजकीय महाविद्यालय ने जीती

जागरण संवाददाता, कैथल : डा. बीआर आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला विधिक साक्षरता के अंतर्गत प्रतिवर्ष इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस बार इन प्रतियोगिताओं को आयोजन राजकीय महाविद्यालय में किया जा रहा है, जिसमें जिलेभर से विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने अलग-अलग विधाओं में अपनी प्रतिभा को मंच पर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रो. राजेश सैनी ने प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान करते है, ताकि वे मंच के माध्यम से अपनी बात समाज के सामने रख सकें। कालेज की प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने कहा कि आज के समय में समाज में कानूनी अधिकारों व कानूनी शिक्षा के प्रति जागरूकता होना जरूरी है। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में कानूनी जानकारी को बढ़ावा देते हैं।



डा.बीआर आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय प्रांगण मे आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं के साथ जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रो. राजेश सैनी, प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता व अन्य। • सौजन्य कालेज प्रवक्ता

### कविता पाठ प्रतियोगिता में आरकेएडी कालेज की कोमल रहीं पहले स्थान पर

भाषण प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत की मुकेश, द्वितीय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथल की आंचल और तृतीय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय राजौंद की राखी रही। कविता पाठ प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर आरकेएसडी कालेज की कोमल, द्वितीय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथल का आदित शर्मा और तृतीय स्थान पर आरकेएसडी कालेज की सीमा रही। हास्य नाटिका मे प्रथम स्थान पर आरकेएसडी कालेज की टीम और दूसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथल की टीम रही। वाद-विवाद प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर आरकेएसडी कालेज की पूजा व वैशाली की टीम, द्वितीय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथल की आंचल व अजय कुमार की टीम रही। पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण मे प्रथम स्थान पर आइजी कालेज की अंजू रानी व मुस्कान की टीम, द्वितीय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय की ज्योति अरोड़ा व संजीवनी की टीम रही व तीसरे स्थान पर आरकेएसडी कालेज की प्रिया व वर्तिका की टीम रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर आरकेएसडी कालेज की रोहित, विपूल, मनोज कुमार की टीम रही, दूसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथल की इशात, अंकित व अजय की टीम रही तथा तीसरे स्थान पर आइजी कालेज की मानसी, महक व आशु की टीम रही।

### प्रतियोगिताओं के परिणाम

ओवरआल ट्राफी मे राजकीय महाविद्यालय कैथल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डाक्यूमेंट्री मे राजकीय महाविद्यालय कैथल की रितिका व ज्योति टीम प्रथम स्थान पर रही, दूसरे स्थान पर आरकेएसडी कालेज की कोमल व ज्योति की टीम रही। निबंध लेखन मे प्रथम स्थान पर राजकीय महाविद्यालय की दिया, द्वितीय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय का साहिल और तृतीय स्थान पर आइजी कालेज सचलिनप्रीत कौर रही। स्लोगन लेखन मे प्रथम स्थान पर आइजी कालेज की कोमल, द्वितीय स्थान पर ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड की अंजलि दहिया और तृतीय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथल का आजाद रहा। स्पाट पेंटिंग मे प्रथम स्थान पर आइजी कालेज की रविना, द्वितीय स्थान पर महविश ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड और तृतीय स्थान पर आइजी कालेज कैथल की प्रिया रही।

कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. नीलम ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी मंडल स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के सदस्यों डा. मोनिका जाखड़, प्रो. इंदूपाल, प्रो. रूपाली, प्रो. नवीन, प्रो. अमित पाहवा, इंदू राविश, सरिता, अनुराधा व अन्नु के साथ महाविद्यालय के अन्य स्टाफ स्दस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन डा. मोनिका जाखड़, डा. अमित पाहवा व डा. इंदू गाबा ने निभाई, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के क्विज मास्टर की भूमिका में प्रो. हिमांशु तनेजा, प्रो. रूपाली व डा. मीना रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जनसंचार विभाग के प्राध्यापक डा. अभिषेक गोयल व प्रो. विरेंद्र खटकड़ मौजूद रहे।

कैथल केसरी

# राजकीय महाविद्यालय ने जीती कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं की ओवरऑल ट्रॉफी

## डाक्युमैंट्री में राजकीय महाविद्यालय की टीम ने जिले में प्राप्त किया प्रथम स्थान



प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एक प्रतिभागी को सम्मानित करते मुख्यातिथि व कालेज की प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता। (रमेश)

कैथल, 6 फरवरी (मित्तल) : डा. बी.आर. अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कालेज में जिला विधिक साक्षरता के अंतर्गत प्रतिवर्ष इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

इस बार इन प्रतियोगिताओं को राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें जिले भर से विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने अलग-अलग विधाओं में अपनी प्रतिभा को मंच पर प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रो. राजेश सैनी ने शिरकत की और प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान करते हैं, ताकि वे मंच के माध्यम से अपनी बात समाज के सामने रख सकें।

उच्चतर शिक्षा विभाग इस प्रकार के शिक्षात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। कॉलेज की प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने मुख्यातिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। डा. रोजी गुप्ता ने कहा कि आज के समय में समाज में कानूनी अधिकारों व कानूनी शिक्षा के प्रति जागरूकता होना जरूरी है।

इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में कानूनी जानकारी को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व उच्चतर शिक्षा विभाग के आभारी हैं, जो इस प्रकार के कार्यक्रम समाज व युवाओं के लिए समय-समय पर करते हैं।

कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. नीलम ने बताया कि आज की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने व्यंग्यात्मक शैली में नशा मुक्ति, बेरोजगारी, मानव अधिकार, सूचना का अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, शिक्षा का अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बाल विवाह, मौलिक कर्तव्य, यौन उत्पीड़न, रैगिंग व स्वच्छता आदि विषयों पर कटाक्ष करते हुए अपनी प्रस्तुति दी।

इन प्रतियोगिताओं में राजकीय महाविद्यालय कैथल, आई.जी. कॉलेज कैथल, राजकीय कॉलेज चक्कू लदाना, आर.के.एस.डी. कॉलेज कैथल, चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड, राजकीय महाविद्यालय राजौंद, डी.ए.वी. कॉलेज चीका व राजकीय कन्या महाविद्यालय कलायत की टीमों ने भाग लिया।

जनसंचार विभाग के प्राध्यापक डा. अभिषेक गोयल व प्रो. विरेंद्र खटकड़ ने कहा कि फिल्में समाज का आइना होती हैं।

समाज में घटित होने वाली घटनाएं फिल्मों का विषय बनती हैं। फिल्में समाज को दशा और दिशा प्रदान करती हैं। इनके माध्यम से समाज में जागरूकता को बढ़ावा मिलता है। गैर व्यवसायिक फिल्मों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के आयोजन अपनी महत्ती भूमिका निभाते हैं।

कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के सदस्यों डा. मोनिका जाखड़, प्रो. इंदुपाल, प्रो. रूपाली, प्रो. नवीन, प्रो. अमित पाहवा, इंदु, राविश, सरिता, अनुराधा व अन्य के साथ-साथ महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

कार्यक्रम में मंच संचालन डा. मोनिका जाखड़, डा. अमित पाहवा व डा. इंदु गाबा ने किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के क्विज मास्टर की भूमिका में प्रो. हिमांशु तनेजा, प्रो. रूपाली व डा. मीना शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

राजकीय कालेज में आयोजित प्रतियोगिताओं में ऑवरऑल ट्रॉफी राजकीय महाविद्यालय कैथल ने प्राप्त की। डाक्युमैंट्री प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय कैथल की रितिका व ज्योति की टीम प्रथम स्थान पर रही, दूसरे स्थान पर आर.के.एस.डी. कॉलेज की कोमल व ज्योति की टीम रही।

रोहतक, मंगलवार, 7 फरवरी 2023
haribhoomi.com

### राजकीय महाविद्यालय में जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

# कानूनी अधिकारों व शिक्षा के प्रति जागरुकता बहुत जरूरी : डा. गुप्ता

**डॉक्यूमेंट्री में राजकीय महाविद्यालय कैथल की टीम ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला विधिक साक्षरता के अंतर्गत प्रतिवर्ष इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इन प्रतियोगिताओं को रा. महाविद्यालय प्रांगण में किया जा रहा है। जिसमें जिले भर से विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने अलग अलग विधाओं में अपनी प्रतिभा को मंच पर प्रस्तुत किया। डा. रोजी गुप्ता ने कहा कि आज के समय में समाज में कानूनी अधिकारों व कानूनी शिक्षा के प्रति जागरूकता होना जरूरी है। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. नीलम ने बताया कि आज की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी मण्डल स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने व्यंग्यात्मक शैली में नशा मुक्ति, बेरोजगारी, मानव अधिकार, सूचना का अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, शिक्षा का अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बाल विवाह, मौलिक कर्तव्य, यौन उत्पीड़न, रैगिंग व स्वच्छता आदि विषयों पर कटाक्ष करते हुए अपनी प्रस्तुति दी। इन प्रतियोगिताओं में राजकीय महाविद्यालय कैथल, आई जी कॉलेज कैथल, राजकीय कॉलेज चक्कू लदाना, आरकेएसडी कॉलेज कैथल, चै. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढाण्ड, राजकीय महाविद्यालय राजौंद, डीएवी कॉलेज चीका व राजकीय कन्या महाविद्यालय कलायत की टीमों ने भाग लिया। जनसंचार विभाग के प्राध्यापक डा. अभिषेक गोयल व प्रो. विरेन्द्र खटकड़ ने कहा कि फिल्में समाज का आईना होती है समाज में घटित होने वाली घटन फिल्मों का विषय बनती है। फि समाज को दशा और दिशा प्र करती है। कानूनी साक्षरता प्रको सदस्यों डा. मोनिका जाखड़, इंदुपाल आदि का सहयोग रहा।





कैथल। विजेताओं को सम्मानित करते अधिकारी और प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए पोस्टरों को निहारते अधिकारी।

### कविता पाठ में कोमल प्रथम

कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आरकेएसडी कॉलेज की कोमल, द्वितिय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथल का अदित शर्मा और तृतीय स्थान पर आरकेएसडी कॉलेज की सीमा रही। हास्य नाटिका में प्रथम स्थान पर आरकेएसडी कॉलेज की टीम और दूसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथल की टीम रही। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आरकेएसडी कॉलेज की पूजा व वैशाली की टीम, द्वितिय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथलकी आंचल व अजय कुमार की टीम रही। पॉवर प्वाईंट प्रस्तुतिकरण में प्रथम स्थान पर आईजी कॉलेज की अंजू रानी व मुस्कान की टीम, द्वितिय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय की ज्योति अरोड़ा व संजीवनी की टीम रही व तीसरे स्थान पर आरकेएसडी कॉलेज की प्रिया व वर्तिका की टीम रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आरकेएसडी कॉलेज की रोहित विपुल मनोज कुमार की टीम रही, दूसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथल की ईशान, अंकीत व अजय की टीम रही तथा तीसरे स्थान पर आईजी कॉलेज की मानसी, महक व अंशु की टीम रही।

### रा. कॉलेज को ओवरऑल ट्रॉफी

कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं में हास्य-व्यंग्य नाटिकाओं में सामाजिक बुराईयों पर कटाक्ष करते हुए बेरोजगारी, गरीबी, विदेश जाने की होड़ व पारिवारिक पीड़ा को दर्शाया गया। किस प्रकार से पिता अपनी पुश्तैनी जमीन बेच कर अपने बुढ़ापे की सहारे को देश त्यागने के लिए विवश है आदि को उर्वरता के साथ उठाया। सरकारों पर युवाओं के शोषण की कहानी को दर्शाया गया। ओवरऑल ट्रॉफी में राजकीय महाविद्यालय कैथल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया डाक्यूमेंट्री में राजकीय महाविद्यालय कैथल की रितिका व ज्योति टीम प्रथम स्थान पर रही, दूसरे स्थान पर आरकेएसडी कॉलेज की कोमल व ज्योति की टीम रही। निबंध लेखन में प्रथम स्थान पर राजकीय महाविद्यालय की दिया, द्वितिय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय का साहिल और तृतीय स्थान पर आईजी कॉलेज [illegible] कौर रही। स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान पर आईजी कॉलेज की कोमल, द्वितिय स्थान पर ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढाण्ड की अंजली दहिया और तृतीय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथल का अजाद रहा। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान पर आईजी कॉलेज की रविना, द्वितिय स्थान पर महर्षि ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढाण्ड और तृतीय स्थान पर आईजी कॉलेज कैथल की प्रिया रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत की मुस्कान, द्वितिय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कैथल की आंचल और तृतीय स्थान पर राजकीय महाविद्यालय राजौंद की राखी रही।

कैथल सवेरा

## राजकीय महाविद्यालय ने जीती ओवर ऑल ट्राफी

# जिला विधिक साक्षरता के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित

**सवेरा न्यूज/ प्रदीप हरित**

कैथल, 6 फरवरी : राजकीय महाविद्यालय में जिला विधिक साक्षरता के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें जिले भर से विभिन्न कालेजो ने भाग लिया। कार्यक्र म में मुख्याअतिथि के तौर पर जिला उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. राजेश सैनी ने शिरकत की।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान करते है ताकि वे मंच के माध्यम से अपनी बात समाज के सामने रख सकें। उच्चत्तर शिक्षा विभाग इस प्रकार के शिक्षात्मक कार्यक्र मों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। कॉलेज की प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने मुख्यअतिथि का स्वागत किया। डा. रोजी गुप्ता ने कहा कि आज के समय में समाज में कानूनी अधिकारों व कानूनी शिक्षा के प्रति जागरूकता होना जरूरी है। इस प्रकार के कार्यक्र म समाज में कानूनी जानकारी को बढावा देते हैं। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. नीलम ने बताया कि आज की प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी मंडल स्तर पर प्रतियोगिता मे भाग लेंगे। इन प्रतियोगिताओ मे राजकीय महाविद्यालय कैथल, आई जी कॉलेज कैथल, राजकीय कॉलेज चक्कू लदाना, आरकेएसडी कॉलेज कैथल, चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड, राजकीय महाविद्यालय राजौंद, डीएवी कॉलेज चीका व राजकीय कन्या महाविद्यालय कलायत की टीमो ने भाग लिया। जनसंचार विभाग के प्राध्यापक डा. अभिषेक गोयल व प्रो. विरेन्द्र खटकड ने कहा कि फिल्में समाज का आईना होती है समाज मे घिटत होने वाली घटनाए फिल्मो का विषय बनती है। कार्यक्र म मे मंच सचालन डा. मोनिका जाखड, डा. अमति पाहवा व डा. इंदु गाबा ने निभाई. प्रश्नोत्तारी प्रतियोगिता के क्विज मास्टर की भूमिका मे प्रो. हिमांशु तनेजा. प्रो. रूपाली व डा. मीना रहे। ओवर ऑल ट्रॉफी मे राजकीय महाविद्यालय कैथल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



ओवर ऑल ट्राफी जीतने वाली टीम मुख्य अतिथि के साथ।


Dr. Bhim Rao Ambe
vt. (PG) College
JAGDISHP
THAL)
OPPO A96
RahulVerma | 2023.02.06 14:47


Dr. Bhim Rao Ambedkar Govt. (PG) College


Bhim Rao Ambedkar Govt. (PG) Co
JAGDISHPURA (KAITHAL)
RahulVerma | 2023.02.06 14:37


Dr. Bhim Rao Ambedkar
(PG) College
JAGDISHPURA
MYOGENETIX
2023.02.06 14:50

वीरवार THURSDAY 2 फरवरी 2023

कैथल केसरी

# राजकीय महाविद्यालय में साइबर क्राइम जागरूकता विषय पर व्याख्यान आयोजित

कैथल, 1 फरवरी (मित्तल) : डा. भीम राव अम्बेदकर राजकीय महाविद्यालय कैथल में कालेज के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ तथा अंग्रेजी विभाग द्वारा साइबर क्राइम जागरूकता विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सुब्रांशु सब इंस्पेक्टर साइबर क्राइम ब्रांच कैथल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने व्याख्यान के माध्यम से दिन-प्रतिदिन हो रहे साइबर फ्रॉडरस का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति अवगत करवाया। उन्होंने बताया किस प्रकार फ्रॉडरस व्हाट्सएप, फेसबुक तथा इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया पर पैसे की ठगी करते हैं।

विदेशी मित्र बनकर गिफ्ट देने के लालच में कस्टम ड्यूटिज के नाम पर आपसे पैसे ऐंठते है। ऑनलाइन रजिस्ट्री से थम्ब इम्प्रेशन को कापी कर आपके अकाउंट से पैसे निकाल लिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है, आपको जागरूक बनना है।

यदि आपके साथ कभी भी साइबर क्राइम हो तो जल्दबाजी में अपना अकाउंट ब्लॉक न करें, बल्कि इंटरनेट बैंकिंग बंद कर दें और फेसबुक, यू.आर.एल. आई.डी. तथा ट्रांजेक्शन आई.डी. को नोट कर साइबर क्राइम शाखा में पहुंचे या 1930 नंबर पर डायल करें।

कालेज की प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि महाविद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को जागरूक करने में तत्पर तथा प्रतिबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों को रहे साइबर क्राइम के लिए चौकस रहने को कहा। कार्यक्रम का संचालन डा. नीलम ने किया।

इस अवसर पर डा. राजकला, प्रो. रूपाली, प्रो. मंजू, डा. मीना, डा. इंदु राविश, प्रो. कमल किशोर व नेहा गर्ग आदि मौजूद थे।

पानीपत, वीरवार, 2 फरवरी, 2023

जागरण सिटी

# साइबर क्राइम हो तो अपना अकाउंट ब्लाक न करें : सुभ्रांशु



डा. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में साइबर क्राइम पर आयोजित जागरूकता गोष्ठी में जानकारी देते सब इंस्पेक्टर सुब्राशु। ● जागरण

**कैथल** : डा. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ एवं अंग्रेजी विभाग की तरफ से साइबर क्राइम जागरूकता शिविर लगाया। इसमें मुख्य वक्ता क्राइम ब्रांच के सब इंस्पेक्टर सुब्राशु थे। उन्होंने अपने व्याख्यान के माध्यम से दिन प्रतिदिन हो रहे साइबर फ्राड्स को उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को अवगत करवाया। उन्होंने बताया किस प्रकार फ्राड्स वाट्सएप, फेसबुक, इस्टाग्राम जैसे इटरनेट मीडिया पर पैसे की ठगी करते है। विदेशी मित्र बनकर गिफ्ट देने के लालच मे कस्टम ड्यूटी के नाम पर आपसे पैसे ऐंठते है। आनलाइन रजिस्ट्री से थंब इम्प्रेशन को कापी कर आपके अकाउंट से पैसे निकाल लिए जाते है। उन्होंने बताया कि इससे घबराने की आवश्यकता नही है, बस जागरूक बनना है। यदि आपके साथ कभी भी साइबर क्राइम हो तो जल्दबाजी मे अपना अकाउंट ब्लाक न करें बल्कि इंटरनेट बैंकिंग बंद कर दें। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को जागरूक करने मे तत्पर तथा प्रतिबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रति सावधानी बरतने को कहा। कार्यक्रम का संचालन डा. नीलम ने किया। इस अवसर पर डा. राजकला, प्रो रूपाली, प्रो मजु, डा. मीना, डा. इदु राविश, प्रो कमल किशोर और नेहा गर्ग सहित अन्य मौजूद रहे। (जासं)

करनाल | वीरवार • 02.02.2023

अमर उजाला 04

amarujala.com/Kaithal

जागरुकता

डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

# साइबर क्राइम पर किया जागरुक

संवाद न्यूज एजेंसी



राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को जानकारी देते पुलिस अधिकारी। संवाद

कैथल। डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ तथा अंग्रेजी विभाग ने साइबर क्राइम जागरूकता विषय पर व्याख्यान करवाया। इसमें बतौर मुख्य वक्ता सब इंस्पेक्टर साइबर क्राइम ब्रांच कैथल सुब्रांशु ने शिरकत की। उन्होंने अपने व्याख्यान के माध्यम से दिन प्रतिदिन हो रहे साइबर फ्रॉड को उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को इससे बचने की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि व्हाट्सएप, फेसबुक तथा इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया पर साइबर क्राइम आम हो गया है। कई मित्र बनाकर गिफ्ट देने का लालच देकर कस्टम ड्यूटी के नाम पर आपसे पैसे ऐंठते है। ऑनलाइन रजिस्ट्री से अंगूठे के निशान को कॉपी कर आपके अकाउंट से पैसे निकाल लिए जाते हैं। आपके मोबाइल को कैसे गफ्फार मार्केट में बेचकर आतंकी गतिविधियों में इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने बताया कि इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है यदि आपके साथ कभी भी साइबर क्राइम हो तो जल्दबाजी में अपना अकाउंट ब्लॉक न करें बल्कि इंटर नेट बैंकिंग बंद कर दें।

प्राचार्या डॉ. रोजी गुप्ता ने प्रमुख वक्ता का धन्यवाद किया तथा उन्होंने बताया कि महाविद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को जागरूक करने में तत्पर तथा प्रतिबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों को हो रहे साइबर क्राइम के लिए चौकस रहने को कहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम ने किया। इस अवसर पर डा. राजकला, प्रो. रूपाली, प्रो. मंजू, डा. मीना, डा. इंदु राविश, प्रो. कमल किशोर व नेहा गर्ग मौजूद रही।

दैनिक भास्कर | पानीपत, गुरुवार, 2 फरवरी, 2023 | 4

# किसी को भी ओटीपी या अपने बैंक खाते संबंधित डिटेल न बताएं : शुभ्रांशु

भास्कर न्यूज | कैथल



कैथल | विद्यार्थियों को जागरूक करते सब इंस्पेक्टर शुभ्रांशु।

डॉ. भीम राव अम्बेडकर राजकीय कॉलेज में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ तथा अंग्रेजी विभाग द्वारा साइबर क्राइम जागरूकता विषय पर व्याख्यान करवाया गया। जिसके मुख्य वक्ता पुलिस सब इंस्पेक्टर शुभ्रांशु साइबर क्राइम ब्रांच कैथल रहे। उन्होंने बताया कि किस प्रकार वाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया पर पैसे की ठगी करते है। विदेशी मित्र बनकर गिफ्ट देने के लालच में कस्टम ड्यूटी के नाम पर आपसे पैसे ऐंठते है। ऑनलाइन रजिस्ट्री से थम्ब इम्प्रेशन को कॉपी कर आपके अकाउंट से पैसे निकाल लिए जाते है। आपके पुराने मोबाइल को कैसे गफ्फार मार्केट में बेचकर आतंकी गतिविधियों में इस्तेमाल किया जाता है। घबराने की आवश्यकता नहीं है बस सभी को जागरूक बनना है। यदि आपके साथ कभी भी साइबर क्राइम हो तो जल्दबाजी में अपना अकाउंट ब्लॉक न करें बल्कि इंटरनेट बैंकिंग बंद कर दे और तुरंत 1930 पर कॉल कर पूरी जानकारी दें। प्राचार्या डा. रोजी गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को जागरूक करने में तत्पर तथा प्रतिबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों को रहे साइबर क्राइम के लिए चौकस रहने को कहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम ने किया। मौके पर राजकला, रूपाली, मंजू, मीना, इंदु राविश, कमल किशोर व नेहा गर्ग मौजूद रहे।


CHANEL




CHANEL